सोमवार 24 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



सील किए गए अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पड़ा छापा, मिली 20 पीस पैक शराब

3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा

## मणिपुर में तनाव से हालात बेकाबू, मिजोरम के युवाओं की धमकी से मैतई समुदाय में दहशत

# हिंसा के डर से मिजोरम छोड़ रहा मैतई समुदाय

- मणिपुर सरकार ने कहा- अपने मैतेई लोगों को चार्टर्ड प्लेन से लाएगी
- डर के कारण 40 मैतेई समुदाय के लोग मिजोरम राज्य छोड़कर इंफाल आ गए हैं। हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**



मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मणिपुर के साथ-साथ पड़ोसी राज्य मिजोरम में भी हालात बिगड़ने की आंशका जताई जा रही है। मिजोरम के कुछ युवाओं ने मैतई समुदाय के लोगों को जल्द से जल्द राज्य छोड़ने की धमकी दी है। यहां रहने वाले मैतेई समुदाय के सैकड़ों लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। ये लोग असम और मणिपुर लौट रहे हैं। सरकार ने भी इनके लिए विशेष फ्लाइट सर्विस शुरू की है। अंडरग्राउंड मिजो नेशनल फ्रंट के मिलिटेंट्स के संगठन पीस अकॉर्ड एमएनएफ रिटर्नीज एसोसिएशन (पीएएमआरए) ने बयान जारी कर कहा है कि मिजोरम में रहने वाले मैतेई लोगों को उनकी सुरक्षा के मद्देनजर राज्य छोड़ देना चाहिए। इस वक्त मीजो समुदाय की भावनाएं आहत हैं। डर के कारण 40 मैतेई समुदाय के लोग मिजोरम राज्य छोड़कर मणिपुर की राजधानी इंफाल आ गए हैं। हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। मणिपुर सरकार ने भी कह दिया है कि वो अपने मैतेई लोगों को चार्टर्ड फ्लाइट से इवेक्युएट कराएगी।

उधर, मणिपुर के हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। यहां चुराचांदपुर और इंफाल के पास मैतेई और कुकी समुदाय के बीच शनिवार को रातभर फायरिंग हुई। इस दौरान ऑटोमैटिक रायफल्स, पॉम्पी गन्स और अन्य विस्फोटकों से हमला किया गया। बिष्णुपुर में भीड़ ने एक स्कूल और कई घरों में आग लगा दी। मौके पर सुरक्षाबलों के जवान तैनात हैं। इसके अलावा थोरबुंग, कांगवाय के अंदरूनी इलाकों में भी फायरिंग हो रही है।

मणिपुर के पड़ोसी राज्य मिजोरम में रहने वाले मैतेई समुदाय के लोग घबराए हुए हैं। आंकड़ों को देखें तो यहां करीब 10 हजार से अधिक मैतेई समुदाय के लोग हैं। मिजोरम में रहने वाले कुकी समुदाय के लोगों ने 24 जुलाई को आईजोल में बड़ी रैली करने का एलान किया है। ऐसे में यहां रहने वाले मैतेई समुदाय के लोगों को डर है कि इस रैली के बाद कहीं उन्हें भी निशाना न बनाया जाए। यही कारण है कि दहशत के चलते इन लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। वे मणिपुर और असम वापस लौट रहे हैं।

### मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए पीएम मोदी राज्य के विधायकों से बात करें और तनावपूर्ण मुद्दों पर जोर दें: इरोम शर्मिला

मणिपुर जातीय हिंसा की आग में सुलग रहा है। 3 मई को राज्य में हिंसा की जो आग भड़की वो आज तक जारी है। इस दौरान राज्य में 160 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोग घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। राज्य में हो रही हिंसा और इसे रोकने के उपाय पर 'आयरन लेडी' के नाम से मशहूर रही मणिपुर की बेटी इरोम शर्मिला ने अपनी राय दी है। इंडिया टुडे से बातचीत में इरोम शर्मिला ने हिंसा के पीछे युवाओं पर नशे के असर और बेरोजगारी को बड़ी वजह बताया। इरोम ने कहा, राज्य में लोगों के समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी का एक हिस्सा उग्रवादियों को जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों का मन अशांत है। उन्होंने राज्य में शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की। हिंसा खत्म करने के उपाय को लेकर पूछे गए एक सवाल पर इरोम शर्मिला ने कहा, प्रधानमंत्री को राज्य के विधायकों से बात करनी चाहिए और तनावपूर्ण मुद्दों पर जोर देना चाहिए। इरोम ने राज्य के प्रतिनिधियों से जिम्मेदारी लेने और शांति बहाल करने के लिए काम करने की अपील भी की। आयरन लेडी ने बताया कि मैतेई और कुकी समुदाय के बीच संघर्ष नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। दोनों नफरत से भरे हुए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पड़ोसी



राज्यों को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, हां वे शांति के लिए कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि केंद्र सरकार जानबूझकर मणिपुर की स्थिति को अनदेखा कर रही है। राज्य में तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है।

#### 3 मई को शुरू हुई थी हिंसा

मणिपुर में बीती 3 मई को हिंसा भड़क गई थी, जब राज्य के मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा देने के लिए हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ रैली का आयोजन किया था। कुकी समुदाय की रैली के बाद हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद से पूर्वोत्तर का ये राज्य लगातार हिंसा की आग में सुलग रहा है।

## बोरवेल में गिरे तीन साल के बच्चे को मिली नई जिंदगी



**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा जिले के नालंदा थाना इलाके के कुल गांव में एक बोरवेल में तीन साल का बच्चा गिर गया था। एनडीआरएफ की टीम ने करीब आठ घंटे की मशक्कत के बच्चे को बाहर निकाल लिया। प्लास्टिक पाइप के सहारे बच्चे को निकाला गया। बोरवेल से निकलने के बाद बच्चे को एनडीआरएफ की टीम एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल लेकर चली गई। बच्चा बाहर निकालने के दौरान थोड़ा जख्मी हो गया है, लेकिन अभी वह बिल्कुल पूरी तरह से ठीक बताया जा रहा है। लगभग आठ घंटे के बाद बाहर निकाला गया है।

बच्चा को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया था। एनडीआरएफ की टीम ने प्लास्टिक बैग के द्वाका बच्चों को निकालने की पहली कोशिश की, लेकिन बच्चा नहीं बाहर आ सका। इसके बाद उन्होंने प्लास्टिक का पाइप और लोहे का एंगल देकर निकलने का दूसरे प्रयास किया। इसमें एनडीआरएफ की टीम सफल रही।

गांव वालों ने जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम की प्रशंसा की। अभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चे के साथ में उसके माता और पिता दोनों हैं। बता दें कि एक महिला अपने बच्चे के साथ बोरवेल के बगल वाले खेत में गई थी। महिला खेत से सब्जी तोड़ने लगी। इस दौरान बच्चा खेलते-खेलते बोरवेल में गिर गया।

## शिक्षक नियुक्ति नियमावली में संशोधन की मांग पर जाप ने किया चक्का जाम

**केटी न्यूज/पटना**

जन अधिकार पार्टी के द्वारा बिहार शिक्षक नियुक्ति नियमावली में संशोधन और डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दरभंगा जक्शन पर दरभंगा- नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट का रेल का चक्का जाम कर दिया। इस दौरान आंदोलन कर रहे कार्यकर्ता ने कहा कि सरकार के द्वारा डोमिसाइल नीति को हटाना बिहार के युवाओं के साथ विश्वासघात है। इससे बिहार के युवाओं के लिए अवसर की कमी हो गई है। यह बिहारी युवाओं का अपमान है। सरकार की गलत नीतियों के कारण युवाओं का पलायन हो रहा है। यह बिहार सरकार का एक आत्मघाती कदम है। वहीं, पूरे बिहार में 'जाप' कार्यकताओं ने ट्रेन जाम किया है, जिससे कई ट्रेनें प्रभावित हुई है।

**यह नियुक्ति बिहार के युवाओं के खिलाफ षड्यंत्र है:** जाप जिलाध्यक्ष चुनमुन यादव ने कहा कि बिहार एक युवा प्रधान राज्य है। बिहार में कारखानों का घोर अभाव है, ऐसे में राज्य के युवाओं के पास रोजगार के दृष्टिकोण से सरकारी नौकरी ही एक उपाय बचता है। ऐसे में बिहार में घोषित 1.70 लाख स्कूली शिक्षकों की बहाली की घोषणा से युवाओं में एक नई उम्मीद जगी थी, लेकिन सरकार के गलत नीतियों से स्पष्ट होता जा रहा है कि यह घोषित नियुक्ति बिहार के युवाओं के खिलाफ षड्यंत्र है।

## बरेली में कांवड़ियों पर पथराव, भड़का गुस्सा

**केटी न्यूज/बरेली**

उत्तर प्रदेश के बरेली में थाना बारादरी क्षेत्र स्थित जोगी नवादा में दूसरे समुदाय के लोगों ने कांवड़ियों पर पथराव कर दिया। पथराव में 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस से भी नोकझोंक और हाथापाई की बात सामने आ रही है। स्थिति देख पांच थानों से पुलिस फोर्स बुला ली गई है। प्रशासन और पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे है। इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। रविवार दोपहर करीब 2 बजे जोगी नवादा इलाके में गुसाई गौटिया से लगभग दो हजार कांवड़ियों का जत्था कछला में जल लेने जा रहा था। इस बीच शाहनूरी मस्जिद के पास दूसरे समुदाय लोगों ने छतों से कावड़ियों पर पथराव कर दिया। इसमें 12 से ज्यादा



कांवड़िये घायल हो गए। इसमें महिला, पुरुष, कांवड़िये शामिल हैं। सूचना मिलने पर एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ आशीष प्रताप सिंह और पांच थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है। दूसरे समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि कांवड़ वाले कभी इस रास्ते से नहीं गए हैं। उन्होंने कांवड़ियों के जाने का विरोध किया, इसके बाद पथराव हो गया।

पथराव से संबंधित कई वीडियो वायरल होने से अफवाहों का दौर शुरू हो गया। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी और एसएससी प्रभाकर चौधरी मौके पर जायजा लेने पहुंच गए। नगर विधायक व वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार ने कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जो दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई भी होगी।



सावन महीने की तीसरी सोमवारी के अवसर पर सभी जिलेवासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं

जय श्रीमन्नारायण

HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT

होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट



24 x 7 सेवा उपलब्ध

शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।

- Fully air conditioned room
- Banquet Hall
- Conference Hall

RESTAURANT
स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध
फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था

Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

### केंद्र सरकार के उप-सचिव और इससे ऊपर स्तर के सभी अधिकारी ऐसे उपकरण प्राप्त करने के पात्र

# केंद्रीय कर्मचारियों को महंगे मोबाइल-लैपटॉप देगी सरकार

- अधिकारी चार साल तक पर्सनल यूज भी कर सकेंगे, वित्त मंत्रालय ने जारी किए हैं दिशा-निर्देश

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार में काम कर रहे कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। सरकार ने कामकाज के लिए अधिकारियों को करीब डेढ़ लाख रुपये तक की कीमत के मोबाइल फोन, लैपटॉप या अन्य उपकरण देने की घोषणा की है। इसके साथ ही अधिकारी चार साल तक इनका पर्सनल यूज भी कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने इसे लेकर ज्ञापन के जरिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ज्ञापन के



मुताबिक, जिन अधिकारियों के लिए यह सुविधा है वे आधिकारिक कामकाज के लिए 1.3 लाख तक की कीमत का मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट, फैबलेट, नोटबुक, नोटपैड, अल्ट्रा-बुक, नेट-बुक या अन्य उपकरण ले सकते हैं। दिशा निदेर्शों में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार के उप-सचिव और इससे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारी ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्राप्त करने के पात्र हैं। अनुभाग अधिकारियों और अवर सचिवों के मामले में 50 प्रतिशत अधिकारियों को ऐसे उपकरण जारी किए जा सकते हैं। उपकरणों की कीमत को लेकर ज्ञापन में कहा गया कि इनकी कीमत एक लाख तक हो सकती है, जिसमें टैक्स शामिल नहीं है. वहीं, ऐसे उपकरण जिनमें 40 प्रतिशत से अधिक मेक-इन-इंडिया कलपुर्जों का इस्तेमाल हुआ है, उन उपकरणों के लिए यह सीमा 1.30 लाख रुपये है और यह राशि टैक्स से अलग है।

**4 साल तक निजी इस्तेमाल की भी छूट**

ज्ञापन में यह भी में कहा गया, यदि किसी मंत्रालय/विभाग में अधिकारी को पहले से ही एक उपकरण आवंटित हैं, तो उसे चार साल तक नया उपकरण जारी नहीं किया जा सकता। इसमें कहा गया कि अधिकारी चार साल के बाद इस उपकरण को अपने पास रख सकते हैं। इससे पहले मार्च में एक आदेश आया था, जिसमें ऐसे उपकरण के लिए कीमत 80,000 रुपये तय की गई थी और निजी इस्तेमाल की भी कोई बात नहीं कही गई थी।कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है, संबंधित मंत्रालय/विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपकरण को अधिकारी को रखने के लिए सौंपने से पहले इसमें से पूरा डेटा साफ कर दिया गया है।

R. L. COMPLEX
DUMRAON
TRENDS MALL

आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध

R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open





Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar

Vinod Kumar Rai
R. L. COMPLEX
ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT
Mob - +918340717039

Director

### भतीजे को करंट लगा देख बचाने के लिए चाचा बढ़े आगे, बुरी तरह झुलसे

# रस्सी से गमछा उतारने के दौरान करंट की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

केटी न्यूज/आरा

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पलिया गांव में रविवार की सुबह करंट लगने से एक शिक्षक की मौत हो गयी। घटना तब हुई जब शिक्षक रस्सी से गमछा उतारने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। वहीं, शिक्षक को बचाने के चक्कर में उनके चाचा भी बुरी तरह झुलस गए। जिनको इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बेहतर इलाज के लिए उनको पटना रेफर कर दिया गया। मृत शिक्षक पलिया गांव निवासी स्व. केशव प्रसाद पांडेय के बेटे विंध्याचल कुमार पांडेय (52 वर्षीय) थे। जो जगदीशपुर प्रखंड के ककिला गांव स्थित मध्य विद्यालय में पोस्टेड थे। वहीं, झुलसे उनके चाचा भृगूनाथ पांडेय (60 वर्षीय) है। घटना को लेकर गांव में देर तक अफरा-तफरी मची रही।



■ जख्मी हुए चाचा की हालत गंभीर, इलाज के लिए पटना रेफर

शिक्षक के चचेरे भाई अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार की सुबह उनके भाई रस्सी से गमछे उठा रहे थे। उसी दौरान उनका हाथ में करंट प्रवाहित बिजली का तार गया। उससे उनकी मौके पर भी मौत हो गई। उसी समय खेत से लौटे चाचा की नजर उन पर पड़। बिना



कुछ सोचे समझे वो अपने भतीजे को बचाने के लिए आगे बढ़े। जिससे उन्हें भी करंट का झटका लगा, जिससे वह बुरी झुलस गये। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।? वहां उनके भाई को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, प्राथमिक उपचार के बाद उनके चाचा को पटना रेफर कर दिया गया। इधर, मौत की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे के बाद शिक्षक के घर में कोहराम और रोना-धोना मच गया है। बताया जाता है कि शिक्षक के परिवार में पत्नी रीता देवी, पुत्री पूजा, कंचन और पुत्र विकास है। पत्नी रीता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, पूर्व विधायक भाई दिनेश ने घटना पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए प्रशासन और सरकार से मृत शिक्षक के परिजनों को पांच लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही, झुलसे उनके चाचा का सरकारी स्तर पर इलाज कराने की भी मांग की है।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में जख्मी पलदार की मौत

**आरा।** शाहपुर में सड़क हादसे में जख्मी एक पलदार की मौत हो गयी। इलाज के दौरान उसने पटना के निजी अस्पताल में शनिवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के बड़की सहजौली गांव निवासी जवाहर चौधरी का बेटा विनोद केवट था। उसके छोटे भाई राजेंद्र चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह करने भरौली गांव गया था। देर शाम वह अपने साथी राहुल यादव के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। उसी दौरान डुमरिया गांव के समीप बाइक खड़े ट्रैक्टर से टकरा गयी थी। उसमें दोनों जख्मी हो गए थे। विनोद केवट को गंभीर चोट लगी थी। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के निजी अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। उसके बाद उसे पटना ले जाया गया था। बीते दिन उसने दम तोड़ दिया।

## बिहार में दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के साथ शुरू से हो रहा अत्याचार: अनिल कुमार

केटी न्यूज/जहानाबाद



बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय में रविवार को जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, केन्द्रीय प्रदेश प्रभारी लाल जी मेधानकर और केंद्रीय प्रदेश प्रभारी सुरेश राव ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर एवं कांशीराम के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार और संचालन प्रदेश महासचिव व्यास मुनि दास जी ने किया। सम्मेलन में जहानाबाद जिला समेत प्रदेश से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि आज प्रदेश और देश में दलित, शोषित, वंचित पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिला समाज के लोगों की हत्याएं, अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं हर दिन हो रही है। जिले में लालू यादव के राज में कितने नरसंहार हुए, कितने भाईयों की गर्दन काटी गई,कितने परिवार अनाथ हुए, कितनी बहनें विधवा हुई ये बात आपलोगो से छिपी नहीं है और यह बात भी आपसे नहीं छिपी है कि नीतिश कुमार की सरकार ने वैसे अपराधियों को जेल से बाहर करवाया जिसने बहुजनो पर अत्याचार किया। आखिर हम बहुजन किस पर विश्वास करें।

## 112वें सप्ताह चलाया गया पौधरोपण कार्यक्रम

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 112वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन होरिलगंज मुहल्ले में मनोरंजन शर्मा (बिक्कू जी) के निजी जमीन पर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित मनोरंजन शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है।इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है।

## मुहर्रम कमेटी दो दिनों के अंदर लाइसेंस लेने के लिए आवेदन जमा करें: थानाध्यक्ष



केटी न्यूज/जहानाबाद

मखदुमपुर एवं टेहटा ओपी परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई, मखदुमपुर थाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह एवं थाना अध्यक्ष रवि भूषण की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में लोगों को जल्द से जल्द लाइसेंस लेने का आवेदन देने की बात कही गई। साथ ही आवेदन में रूट चार्ट साफ-साफ अंकित करने की बात कही गई है। थानाध्यक्ष ने सभी अखाड़ा कमेटी के उस्ताद से शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में और श्रद्धा पूर्वक पर्व मनाए जिला प्रशासन आप लोगों के साथ है।

इधर टेहटा ओपी परिसर में ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी गांव के मोहर्रम कमेटी से जुड़े सदस्य और उस्ताद शामिल हुए। ओपी अध्यक्ष ने सभी मुहर्रम कमेटी के उस्तादों को 2 दिनों के भीतर लाइसेंस लेने के लिए आवेदन जमा करने की बात कही गई। ओपी अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व से जो रूट चार्ट चला आ रहा है, उसी रूट चार्ट के आधार पर लाइसेंस दिया जाएगा। कोई नया रूट चार्ट नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में आप लोग पर्व मनाएं। असामाजिक तत्व और उपद्रवियों पर पुलिस अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि यदि पर्व में किसी ने फसाद किया तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## जलसा ज़िक्र ए शोहदा ए कर्बला आज, तैयारी पूरी

जहानाबाद। हर साल की भांति इस साल भी अंजुमन खुद्दाम ए अस्दक, जहानाबाद के तत्वावधान में जलसा ज़िक्र ए शोहदा ए कर्बला का आयोजन 24 जुलाई को रात्रि 8:30 बजे से महल्ला गरेड़िया खण्ड, जहानाबाद में प्रोफेसर गुलाम अस्दक व भाईयों के द्वारा उनके आवास पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर पीर ए तरीकत हजरत अल्लामा व मौलाना सैयद शाह रुकुनूद्दीन अस्दक चिश्ती मिस्बाही का खेताब होगा। साथ ही स्थानीय ओलेमा व मशाएख और शोरा ए केराम की तशरीफ आवरी होगी। इह बाबत सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपरोक्त आशय की जानकारी अंजुमन खुद्दाम ए अस्दक के संयोजक प्रो गुलाम अस्दक ने दी।









## केटी न्यूज में खबर छपने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, संचालक गिरफ्तार

# सील किए गए अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पड़ा छापा, मिली 20 पीस टेट्रा पैक शराब

**खबर का असर**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिले में अवैध रूप से संचालित करीब एक दर्जन अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जिला प्रशासन की टीम ने मई महीने में कार्रवाई करते हुए उसे सील किया था। इसके बाद भी चोरी छिपे जांच की जा रही थी। केशव टाइम्स ने 23 जुलाई के अपने अंक में पड़ताल करती अपनी खबर प्रकाशित की थी। इस खबर पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को डुमरांव के मां अल्ट्रासाउंड नाम से संचालित एक सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस टीम ने वहां से 20 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद किया है। वहीं, संचालक पर अवैध तरीके से सेंटर के संचालन का आरोप भी लगा है। इधर, इसकी जानकारी मिलते ही अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी कर मां अल्ट्रा साउंड नामक सेंटर से 20 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया है। उसके बाद संचालक रोहतास जिले के मेदिनीपुर गांव निवासी कुंदन कुमार उर्फ बिट्टु पिता श्यामनारायण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। संचालक पर शराब तस्करी के आरोप में मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।


मैनेज का खेल... चोरी-छिपे फिर से संचालित होने लगे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

- सील होने के बाद भी अल्ट्रासाउंड सेंटरों से शुरू हो गई जांच
- भ्रूण जांच के लिए अब संचालक 12 से 15 हजार रुपए कर रहे चार्ज

केटी न्यूज/बक्सर

बिना मानक के संचालित दर्जनों अल्ट्रासाउंड सेंटर हुए थे सील

क्या कहते हैं सीएस

- डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा, सीएस, बक्सर


गिरफ्तार संचालक।

### बड़ा सवाल... किसके इशारे पर संचालित हो रहे हैं सील किए गए अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

सबसे बड़ा सवाल है कि जब डीएम के निर्देश पर छापेमारी के बाद अल्ट्रा साउंड सेंटरों को सील किया गया था और अभी तक उन्हें प्रशासन द्वारा खोलने की स्वीकृति नहीं दी गई, तो आखिर किसके इसारे पर अवैध तरीके से अल्ट्रा साउंट सेंटरों का संचालन हो रहा है तथा इस मामले पर स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग चुप क्यों है। इस मामले में प्रशासन तथा विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में है। अगर कार्रवाई के बाद भी अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन हो रहा है तो इसमें दोषी कौन है?

### क्या कहते हैं एसडीपीओ

गुप्त सूचना पर मां अल्ट्रा साउंड पैथोलॉजी सेंटर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लैब से 20 पीस फ्रूटी पैक शराब बरामद हुआ है। संचालक कुंदन कुमार उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया जा रहा है।

**- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## पूजा कर के लौट रहे बाइक सवार दो युवक बोलेरो के धक्के से गंभीर रुप से जख्मी, रेफर

**केटी न्यूज/नावानगर**

आरा-मोहनिया हाईवे पर इकिल गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो ने एक बाइक में पीछे से धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जख्मियों में सोनवर्षा निवासी विकेश पटेल व सारा निवासी प्रियेश पटेल बताए जाते हैं। जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद निजी क्लीनिक के चिकित्सक ने आरा रेफर कर दिया। वहीं दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक अपनी वाहन को लेकर फरार हो गया। दुर्घटना रविवार दोपहर दो बजे की है। बताया जाता है कि जख्मी दोनों बाइक सवार सोनवर्षा फ्यूल स्टेशन पेट्रोल पंप से एनएच-319 के माध्यम सोनवर्षा बाजार आ रहे थे। तभी उक्त गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो पीछे से जोरदार धक्का मारा। धक्का लगते ही बाइक बोलेरो के अगले हिस्सा में फंस गया। साथ ही बाइक एवं उसपर सवार दोनों युवक बोलेरो के साथ लगभग आधा किलोमीटर घसीटते चले गए थे। जब बोलोरो चालक ने देखा की इस तरह भाग निकला मुश्किल है तो बोलोरो में सवार तीन अन्य युवक बाहर निकल बाइक को बोलेरो से अलग करने लगे। जैसे ही बोलेरो से बाइक अलग हुआ, चालक ने बोलोरो सवार तीनों युवकों को वहीं छोड़ अपना वाहन लेकर भाग निकला। इधर दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंच दोनों जख्मी को इलाज के लिए सोनवर्षा बाजार भेजा। साथ ही बोलोरो सवार तीनों युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़े गए तीनों युवक ने पुलिस को बताया कि वे करनामेपुर गांव के रहने वाले हैं। बोलोरो भी करनामेपुर का ही है। जिसे शीतला भवानी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए किराए पर तय किया गया था। पूजा अर्चना से लौटने के दौरान चालक की झपकी आने से दुर्घटना हो गई।






## विद्यालय के पास वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति, करेंगे शिकायत

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी अंचल के पड़री पंचायत अंतर्गत आशा पड़री गांव में मध्य विद्यालय के समीप बन रहे वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को ग्रामीणों ने एक बैठक आयोजित किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के स्थल पर आपत्ति जताई गई तथा डीएम सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों के पास लिखित शिकायत देने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के उप सरपंच मुन्ना ठाकुर ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि जिस जगह पर कचरा प्रबंधन हाउस बनाया जा रहा है उसके बगल में मध्य विद्यालय के अलावे वर्षों से ग्रामीण लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा करते आ रहे है। पंचायत के इस निर्णय से छात्रों की परेशानी बढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा चोट पहुंच रहा है। ग्रामीण सुरेन्द्र तिवारी का कहना हैं



कि पानी टंकी के पास सरकारी जमीन उपलब्ध है फिर भी पंचायत के मुखिया स्थानीय प्रशासन से मिलकर गांव के लोगों को परेशान कर रहे है। जबकि जिस स्थान पर कचरा भवन का निर्माण कराया जा रहा है वहां पर छठपूजा से लेकर दूगार्पूजा मेला का आयोजन होता आ रहा है।

इन्द्रजीत तिवारी ने कहा कि कचरा भवन के लिए पंचायत के कई गांवों में सरकारी जमीन पड़ी है। लेकिन मुखिया जानबूझकर पूजा स्थल पर कचरा भवन बना रहे है। ताकि पूजा के दौरान लोगों को परेशानियों से जूझना पड़े। वहीं बैठक में ग्रामीणों ने फैसला लिया कि यदि स्थानीय प्रशासन इस पर तत्काल कार्रवाई नहीं करती है तो गांव के ग्रामीण अनुमंडलीय लोक शिकायत पदाधिकारी के पास अपनी आपति दर्ज कराने को विवश है। बैठक में सरोज तिवारी, कन्हैया तिवारी, गणेश तिवारी, उमाकांत तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, हरिनारायण तिवारी, नीलकमल तिवारी, रामदेव तिवारी, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। बीडीओ शशीकांत शर्मा ने बताया कि ग्रामीण अंचल में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। वैसे कचरा भवन के निर्माण से ग्रामीणों को ही लाभ है।

### 33 साल से फरार वारंटी समेत दो गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के उड़ियानगंज गांव से पिछले 33 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी झंझटु भर के साथ ही एक अन्य वारंटी छोटका ढकाइच के जितेन्द्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि झंझटु 33 वर्षों से फरार चल रहा था। उस पर न्यायालय द्वारा रेड वारंट जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर उसके साथ ही छोटका ढकाइच से दूसरे वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। 33 सालों बाद वारंटी की गिरफ्तारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के अनुसार झंझटु इलाके का कुख्यात चोर रहा है। उस पर चोरी के कई मामले दर्ज है। लेकिन वह पिछले तीन दशक से अधिक समय से पुलिस के आंखों में धूल झोंक फरार चल रहा था। शनिवार की रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। वही जितेन्द्र राम हत्याकांड का अभियुक्त है।

### कम वर्षा होने से नहीं हो पाई रोपनी

**राजपुर।** प्रखंड क्षेत्र में कम वर्षा होने के कारण धान की रोपनी काफी प्रभावित हो रही है। या यूं कहें कि किसान परेशान है कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार राजपुर क्षेत्र में 20,933 हेक्टेयर में धान की रोपनी का लक्ष्य रखा गया था लेकिन अब तक सिर्फ 5,495 हेक्टेयर में धान की रोपनी की गई है लक्ष्य के अनुसार धान की रोपनी का कार्य काफी निराशाजनक है वर्षा कम होने के कारण किसान काफी चिंतित है जब भी जुलाई माह के अंतिम सप्ताह शुरू हो गया है। धान की रोपनी समय से नहीं होने के कारण किसान काफी चिंतित हैं। हालांकि डीजल पंप सेट के सहारे कुछ किसान अभी भी रोपनी में जुटे हैं।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने महादेवगंज ब्रह्मटोला गांव से 14 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी उक्त गांव के विशेश्वर सिंह उर्फ झल्लू यादव है। जो अपने घर के पास महुआ शराब बेच रहा था। ओपी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने तत्काल कारवाई करते हुए उक्त गांव में छापेमारी किया। छापेमारी में कारोबारी को महुआ शराब भरी गैलेन के साथ रंगे हाथ धर दबोचा।

## देवढ़िया के मृतक सीएसपी संचालक के परिजनों को हत्यारे फिर दे रहे धमकी

**केटी न्यूज/राजपुर**

पिछले दिनों देवढिया में सीएसपी संचालक की हुई हत्या के बाद मृतक की पत्नी सुनीता देवी द्वारा 8 लोगों पर राजपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं रविवार के दिन परिजनों ने पत्रकारों को बताया कि दो नामजद हत्यारा अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं तथा लगातार केस उठाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हत्यारों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि अगर केस नहीं उठाया गया तो हत्या जैसी घटनाएं फिर दोहराई जाएगी। मृतक की पत्नी और पुत्री ने हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस से मांग की है।

बता दें कि पिछले दिनों चौकीदार पुत्र सह सीएसपी संचालक को गांव के ही शराब तस्करों ने घर में घुस गोलियों से छलनी कर दिया था। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दो पुत्रों को भी गोली लगी थी। इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को घटना के दो दिनों के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया था। उनके पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हुए थे। बावजूद दो आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। राजपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## चिराग को मुख्यमंत्री बनाने के लिए लोजपा रामविलास की महिला कार्यकताओं ने कसी कमर

# जिले में लोजपा रामविलास सभी पंचायतों में मजबूत

**केटी न्यूज/केसठ**

रविवार को बक्सर लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक केसठ नया बाजार मे हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पूनम मिश्रा ने की। वही संचालन जिला उपाध्यक्ष पुनम द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह व महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष सह बक्सर आरा की प्रभारी अंजु गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का उदघाटन महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथियों व महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व माला से स्वागत कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष ने कहा



कि जिले में लोजपा रामविलास का सभी प्रकोष्ठ पंचायत स्तर तक मजबूत है। आज महिला प्रकोष्ठ की बैठक से ये प्रतीत होता है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की लोकप्रियता सभी जाति धर्मों में तो है ही साथ ही गांव-गांव, घर-घर तथा महिलाओं के बीच भी काफी है।

लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ की कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में चिराग को मुख्यमंत्री बनाने के लिए घर-घर दस्तक देंगे और पार्टी के विजन डॉक्यूमेंट बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को भी घर घर तक पहुँचाएंगे। इस दौरान बैठक मे महिला कार्यकर्ताओ ने आए हुए अतिथियों से अपनी समस्याओ को सुनाया। महिलाओं ने कहा कि सुशासन की सरकार बिहार ने 33 वर्षों में बिहार के महिलाओं से वोट लेकर महिलाओं को केवल ठगने का काम किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजु गुप्ता ने कहा कि बिहार की महिला अब जागरूक हो चुकी है, नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव के झांसे मे आने वाली नहीं है। बिहार की महिलाएं अब अपना भविष्य चिराग पासवान मे देख रही है। समीक्षा बैठक में लैला बेगम, धर्मशीला देवी, मुन्नी देवी, मीना देवी, चन्द्रावती देवी, फूलंती देवी, गोल्डी दुबे, पुनम देवी, सीमा देवी, सरस्वती कुंवर, हेमा खातुन, दुर्गावती देवी, मानती देवी, तारा देवी, मुकुंद बारी, उषा देवी, आशा देवी, चांदमुनी देवी, फूलकेशरी देवी, रानी देवी, मालती देवी, कविता देवी व अन्य मौजूद रही।




## विधायक जयप्रकाश अंचल ने रामगढ़ से लेकर दुबे छपरा तक कटानरोधी कार्यों का किया निरीक्षण

# बचाव कार्यों की प्रगति देख विधायक ने जताई चिंता, भाजपा सरकार को कोसा

**केटी न्यूज/बलिया**

विधायक जयप्रकाश अंचल ने रविवार को रामगढ़ से लेकर दुबे छपरा तक चल रही कटान रोधी परियोजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने बाढ़ विभाग के अधिकारियों से विषम परिस्थिति से निपटने के लिए कौन-कौन सी तैयारी की गई है, इसकी जानकारी ली। विधायक ने पूछा कि समय रहते परियोजनाओं का काम पूरा क्यों नहीं हुआ। अब गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है, ऐसे में अगर बाढ़ कटान होती है तो आप कौन सी युक्ति अपनाएंगे।

बता दें कि इस वर्ष रामगढ़ से लेकर दुबे छपरा तक करीब 12 करोड़ की लागत से तीन परियोजनाएं शासन से स्वीकृत हुई थी। इसमें दुबे छपरा में करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से जिओ ट्यूब के माध्यम से बाढ़ कटान को रोकने का काम चल रहा है, जो गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण बंद हो गया है। विभाग अब वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटा हुआ है, ताकि किसी तरह जियो ट्यूब के परियोजनाओं को पूरा किया जा सके। उसके बाद दो परियोजनाओं के तहत पुराने स्पर संख्या 26.100 व स्पर संख्या 26.300 की मरम्मत की गई है। सुघर छपरा व दुबे छपरा में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। कहा अब ऊपर वाला ही हम लोगों को बचा सकते हैं, क्योंकि बाढ़ विभाग व ठेकेदारों ने अब तक जो भी काम कराया है, वह आपके आंखों के सामने हैं। यह कभी भी गंगा की लहरों में समाहित हो सकता है।



**विभागीय लापरवाही के चलते मरम्मति का कार्य नहीं हो सका पूरा :** ग्रामीणों ने कहा कि पिछले साल सुघरछपरा में करीब 6 करोड़ रुपए की की लागत से रिवेटमेट का कार्य कराया गया था। लेकिन पिछले साल भी विभागीय लापरवाही के चलते मरम्मति का कार्य पूरा नहीं हो सका। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से लगायत उच्च अधिकारियों तक की। तब जाकर इस वर्ष पुनः ठेकेदार ने कटान रोधी कार्य को जैसे-तैसे कराया। इसमें जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाई गई। नतीजा यह हुआ कि अभी गंगा का जलस्तर थोड़ा ही बढ़ा तो सुघर छपरा में रिवेट मेंट करीब ए मीटर मीटर नीचे खिसक गया है। साथ ही करीब 500 मीटर लंबा रिवेट मेंट कभी भी गंगा की लहरों की भेंट चढ़ सकता है। यह स्थिति देखकर पूरे सुघर छपरा के लोगों में भय व दहशत का माहौल कायम है। इस मौके पर बाढ़ विभाग के एसडीओ एसके प्रियदर्शी, सहायक अभियंता प्रशांत गुप्ता ग्राम प्रधान गंगापुर उमेश यादव, दशरथ यादव, रोहित श्रीवास्तव, दिनेश यादव, किशन पासवान, बबलू यादव, विद्यासागर यादव, उत्तम यादव, वीरेंद्र यादव एक राम यादव, मनान हुसैन, शशि भूषण, संजय यादव, अनूप वर्मा आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### बाढ़, कटान के सवाल पर सरकार नहीं देती है जवाब

रामगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि हमने बाढ़ कटान का मुद्दा विधानसभा में उठाया था। बाढ़ विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया था, लेकिन सरकार ने कुछ भी जवाब नहीं दिया। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मैं आग्रह करता हूं कि कम से कम बाढ़ से पूर्व एक बार आकर कटान क्षेत्रों का निरीक्षण कर लें, ताकि बाढ़ विभाग की कार्यशैली सामने आ जाय।

# बलिया की बेटी ने बढ़ाया भारत का मान

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर के गोपाल बिहार कालोनी निवासी कक्षा नौवीं की छात्रा अंशिका पाठक ने सिंगापुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में युवाओं के लिए भविष्य की शिक्षा विषय पर व्याख्यान व शोध पत्र प्रस्तुत कर न सिर्फ बलिया, बल्कि भारत का मान बढ़ाया है अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान के साथ शोध पत्र प्रस्तुत करने वालीं अंशिका गाजियाबाद स्थित उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में कक्षा 9 की छात्रा है।



नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर की ओर से सिंगापुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में 123 देशों के कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों ने व्याख्यान व शोध पत्र प्रस्तुत किया। व्याख्यान के लिए पूरे देश से ऑनलाइन इंटरव्यू के बाद अंशिका का चयन हुआ। चयनित होने से खुश कुशाग्र बुद्धि की छात्रा अंशिका ने शिक्षकों के निर्देशन में दिन-रात मेहनत कर सिंगापुर में अपनी प्रतिभा को व्याख्यान के रूप में प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अंशिका के व्याख्यान की खूब सराहना मिली।




# मणिपुर हिंसा के विरोध में आप मैदान में, सीएम को हटाने की मांग

**केटी न्यूज/बलिया**

मणिपुर में पिछले 80 दिनों से हो रही हिंसा के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। मणिपुर के सीएम को पद से हटाने की आवाज बुलंद करने के साथ ही राष्ट्रपति शासन लागू कराने की मांग की। साथ ही, भाजपा के विरोध में नारे भी लगाए।

जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि मणिपुर राज्य इस वक्त आंतरिक अशांति के बेहद बुरे दौर से गुजर रहा है। मणिपुर करीब 2 महीने से जल रहा है, लगातार हिंसा के कारण मणिपुर एवं मणिपुर के लोगों को भारी क्षति उठानी पड़ रही है। हिंसा के कारण अब तक 150 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं एवं करोड़ों की संपत्ति नष्ट




हो गई है। इसके अतिरिक्त हिंसा ग्रस्त मणिपुर से आ रही महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। बीते दिन मणिपुर से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमा कर उनके साथ गैंगरेप किया गया, महिलाओं के साथ घटी इस भयावह हिंसा की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है । यह बात हैरानी पैदा करती है कि देश के एक राज्य में करीब 2 महीने से हिंसा जारी है लेकिन केंद्र सरकार मौन है। प्रधानमंत्री की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है। इस स्थिति पर नियंत्रण पाने में राज्य सरकार की नाकामी भी साफ दिखाई दे रही है। ऐसे माहौल में मणिपुर के नागरिकों की जिंदगी एक खतरनाक दौर से गुजर रही है।कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रांत उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मुकेश सोनी, डॉ प्रदीप कुमार ,अशोक कुमार गुप्ता, सर्वदमन कुमार, दुर्गेश यादव कवि जी, रंजय कुमार यादव, छोटे लाल चौरसिया, धनंजय यादव, योगेश कुमार खरवार, विजय कनौजिया , सत्येंद्र नाथ वर्मा , अमरेश कुमार यादव गायक, राजकुमार मौर्य , अमरेंद्र सिंह, विजय कुमार, कपिलेश्वर दयाल, अंजनी तिवारी,विपिन कुमार तिवारी, नितेश कुमार यादव मौजूद रहे।

### नियमों का पालन कराने को लेकर काटा चालान

**मऊ।** सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम में दिए गए प्रोग्राम के तहत प्रवर्तन कार्य करते हुए बिना नंबर प्लेट, अस्पष्ट नंबर प्लेट, सीट बेल्ट, हेलमेट न पहनने वाले चालकों, फिटनेस एवं टैक्स न जमा करने वाले तथा नो पार्किंग स्थल पर खड़ा करने वाले वाहनों के प्रति कार्रवाई की गई। जिसमें 40 से अधिक वाहनों पर चालान के कार्रवाई की गई। जागरूकता कार्यक्रम के तहत टेम्पो, ट्रक व बस ऑपरेटरों के साथ कोपागंज में एक जागरूकता मीटिंग की गई। जिसमें ट्रांसपोर्टर उमेश यादव, शेषनाथ यादव, बबलू विश्वकर्मा, भोलू यादव, भानु, बृजेश यादव, विशाल यादव, राजेश यादव, राकेश विश्वकर्मा, सुनील सिंह, सतीश राय सहित कई अन्य लोग भी इकट्ठे थे।

### चोरी गए 85 मोबाइल पुलिस ने किए बरामद, लोगों को लौटाएं

**बलिया।** एसपी एस. आनन्द के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण में बलिया पुलिस को सफलता मिली है। विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत आमजन के गुम हुए मोबाइलों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस कैंप कार्यालय पर गठित मोबाइल रिकवरी सेल द्वारा लगातार अथक प्रयास के फलस्वरूप विभिन्न जगहों से 85 मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी के आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों ने मोबाइल स्वामियों को थाना परिसर में बुलाकर ससम्मान उनका मोबाइल सुपुर्द किया। मोबाइल स्वामियों के हाथ में जैसे ही उनकी मोबाइल मिली, खुशी का ठिकाना न रहा। अपना अपना मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों ने न सिर्फ पुलिस टीम बलिया का आभार व्यक्त किया, बल्कि भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। पुलिस टीम मे प्रभारी सर्विलांस सेल उप निरीक्षक अजय यादव, मु. आरक्षी रोहित कुमार व राकेश यादव, आरक्षी विकास सिंह, विनोद रघुवंशी व अर्जुन यादव शामिल रहे।

# भाजपा सरकार में आदिवासी उत्पीड़न का दौर चरम पर चल रहा है: छितेश्वर गोंड

**केटी न्यूज/बलिया**

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की बैठक रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित चंद्रशेखर उद्यान में जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड की अध्यक्षता की गई। बैठक में आगामी 9 अगस्त अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस बलिया कलेक्ट्रेट चंद्रशेखर उद्यान के पास मनायें जाने का निर्णय लिया गया।




मुख्य वक्ता के बतौर गोंडवाना विचारक छितेश्वर गोंड ने सम्म्बोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में विश्व आदिवासी समुदाय को अपने अस्तित्व को बचाने के लिये बड़े ही कठिन दौर से गुजरना पड़ रहा हैं। आए दिन आदिवासी जनजाति समुदाय पर हमले, हत्या व दुराचार की घटनाएं घटित हो रहीं हैं। भाजपा सरकार में आदिवासी उत्पीड़न का दौर चरम चल पर रहा हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकारें आदिवासियो को सुरक्षा मुहैया कराने में अक्षम साबित हो रही हैं। ऐसी स्थिति में भारत सहित पूरे विश्व आदिवासी समुदाय को संगठित व एकतावध होकर अपने आदिवासी हितों एवं अपने सांविधानिक अधिकारों व अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये संगठित संघर्ष छेड़ने की आवश्यकता हैं। आदिवासी प्रकृतवादी जल जंगल जमीन प्रकृत, धरती के संरक्षक रहे हैं। जिस दिन इस धरा से आदिवासियों का अस्तित्व खत्म हो जायेगा उसी दिन यह पृथ्वी का तापमान इतना अत्यधिक बढ़ जायेगा कि धरती इस मानव के लिये रहने लायक नहीं बचेगी। इसी लिये देश के आदिवासियो के साथ विनम्रता व मानवता का व्यवहार किया जाना चाहियें। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड तहसील अध्यक्ष संजय गोंड, ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश गोंड, दुबहड़ ब्लाक अध्यक्ष दीपक गोंडवाना, युवा मोर्चा के मनोज शाह, सुरेश शाह, छात्र फ्रंट का जिलाध्यक्ष राकेश गोंड, सुदेश कुमार मंडावी जी कन्हैया गोंड, शिवशंकर खरवार, बृजेश गोंड, शिवनाथ गोंड, रामचन्द्र गोंड, महेन्द्र गोंड, धनंजय सिंह गोंड रहे।




## बक्सर जाने के दौरान श्रीराम ने की थी पवित्र मंदिर को बरदुअरिया के शिवलिंग की स्थापना

# शिवलिंग के दर्शन पूजन से पूर्ण होती है मनोकामना

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद के नौसेमर गांव में स्थित बारह दुअरिया मन्दिर लोगों में आस्था का प्रतीक और विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। बारह दुअरिया मंदिर जिला मुख्यालय और सदर ब्लॉक मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर नौसेमर गांव से सटे दक्षिण-पश्चिम बहने वाली पावन सलिला तमसा नदी के तट पर स्थित है। इस पवित्र मंदिर को बरदुअरिया के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित है और गर्भगृह में बारह दरवाजे हैं। कहा जाता है कि यहां घना जंगल था जब भगवान श्रीराम लक्ष्मण जी महर्षि विश्वामित्र के साथ तड़का वध के लिए बक्सर जा रहे थे। उसी समय सायंकाल रुके थे और यही भगवान शिव की आराधना पूजा की और एक शिवलिंग की स्थापना की थी।

एक अन्य किवदंतियों के अनुसार सन 1718 में इस स्थान पर पूरा जंगल था। उक्त तमसा जल मार्ग से गाजीपुर जिले के जंगबहादुर जायसवाल नामक व्यापारी उक्त स्थान समीप पहुंचे तो नाव नदी के बीच



में ही रुक गई। उनको शौच की अनुभूति होने पर वह जगह तलाश रहा था कि उसे अचानक शिवलिंग दिखाई पड़ा। शिवलिंग देखकर वह आश्चर्य चकित रह गया। फिर उसने उस स्थान पर खुदाई शुरू कर दी। खुदाई करते-करते थक कर व्यापारी सो गया। स्वप्न में भगवान भोले ने अपनी प्रचंड लीला दिखाई। नींद खुलने पर हाथ जोड़ विनती कर उसे वहीं स्थापित कर दिया और मन्नत मांगी कि व्यापार में लाभ होने पर मंदिर बनाऊंगा। फिर व्यापार में खूब लाभ होने पर उसने मंदिर का निर्माण करवाया।

यहां ऐसी भी मान्यता है कि बहुत पहले एक साधु आए जो सप्ताह में एक बार गाय के शुद्ध दुग्ध के खोआ का सेवन करते थे और तमसा के सतह जल पर श्रीराम नाम जाप खड़ाऊं पहनकर नदी पार कर जाते थे। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति दर्शन पूजन करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।यहां पर सावन माह के प्रत्येक सोमवार, कार्तिक पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के दिन भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। यहां श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने के लिए अथवा मनोकामना पूर्ण होने पर सावन माह, कार्तिक पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर 24 घण्टे और 48 घण्टे का शुद्ध घी का अखण्ड दीप जलाते हैं। यहां भगवान शिव का दर्शन करने के लिए इलाके जिले के साथ ही दूरदराज जिलों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन पूरे सालभर आती रहती है।

**शिवमंदिर पहुंचने का मार्ग :** जिला मुख्यालय सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत कोपागंज ब्लाक क्षेत्र मुख्यालय से चार किमी पश्चिम-दक्षिण बरदुअरिया मंदिर पिच सड़क से होकर ऑटो रिक्शा या चारपहिया, दोपहिया वाहन से दर्शन को श्रद्धालु जाते हैं।

## डूबने से युवक की मौत आशंका, शव का पोस्टमार्टम करा जांच में जुटी पुलिस

# पटना जाने के लिए घर से निकले बक्सर के युवक का भोजपुर के आहर में मिला शव

**केटी न्यूज/नावानगर**

भोजपुर के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के एयार गांव स्थित आहर से रविवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। मृत युवक बक्सर जिला के नावानगर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी स्व. पारस पासी का 38 वर्षीय पुत्र राजेश पासी था। वह शनिवार की सुबह पटना जाने के लिए अपने घर से निकला था। लेकिन वह पटना नहीं पहुंचा बल्कि अगले दिन उसका शव बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह एयार गांव के लोग खेती बारी के काम से आहर की ओर गये थे। उस दौरान उनकी नजर आहर में पड़े शव पर पड़ी। तब ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाने को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची ने शव को आहर से निकाल पड़ताल शुरू की। युवक के पास से मिली डायरी और मोबाइल के जरिए उसकी





■ अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के एयार गांव स्थित आहार से रविवार की सुबह बरामद किया गया शव



पहचान की गयी। उसके बाद उसके घरवालों को जानकारी दी गयी।

इधर, उसके चचेरे भाई भरत चौधरी ने बताया कि वह मजदूर था और पटना स्थित कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार के साथ काम करता था। एक सप्ताह पूर्व गांव आया था। शनिवार की सुबह 10 बजे वह पटना जाने के लिए घर से निकला था। इस बीच हादसा हो गया। रविवार की सुबह पुलिस द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गयी। बाद में परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाई और दो बहनों में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां दौलातो कुंवर, पत्नी रेखा देवी और पुत्री दुर्गा कुमारी है। इधर, हादसे के बाद उसके घर में कोहराम और रोना-धोना मचा है। मां, पत्नी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि युवक वहां कैसे पहुंचा तथा उसकी मौत हत्या है या फिर कोई हादसा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया था।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन ने कसी कमर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुहर्रम को देखते हुए प्रशासन ने कमर कस ली है। मुहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी की जिम्मेवारी होगी। थानाध्यक्ष अपने-अपने इलाके में विधि-व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। एसडीएम कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि मुहर्रम में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जगह-जगह पर दंडाधिकारी तैनात किए जाएंगे। सघन पेट्रोलिंग होगी और तीसरी आंख से निगरानी होगी। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें और अफवाह का खंडन करें।

अधिकारियों ने कहा कि इंटरनेट मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से संदेहास्पद सूचनाओं के आदान-प्रदान पर विशेष नजर रखें। सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। सभी अधिकारी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष एहतियात बरतेंगे। उन्होंने कहा कि बिना अनुज्ञप्ति का कोई जुलूस नहीं निकलेगा। ऐसा करने वाले ताजियां कमेटियों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

## तैयारी : 25 जुलाई से बक्सर जिले में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी भाजयुमो

**केटी न्यूज/बक्सर**

भाजपा युवा मोर्चा बिहार में कायम समस्याओं को लेकर राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत कर रही है। इसकी सूबे में इसकी शुरूआत 24 जुलाई से जबकि बक्सर जिला मुख्यालय पर 25 जुलाई से होगी। इसकी जानकारी भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने कहा है कि बिहार में व्याप्त अराजकता, छात्र युवाओं को 10 लाख नौकरी व शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च पर बर्बर लाठियों के खिलाफ, भाजपा नेता विजय सिंह की हत्या के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करने जा रही है। जिसमें 24 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह इसकी शुरूआत पटना से करेंगे। इसके बाद 25 व 26 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों पर इसकी शुरूआत होगी।

उन्होंने कहा कि मण्डल व पंचायत स्तर तक इस अभियान को ले जाना है। बिहार सरकार की जन विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम युवा मोर्चा करेगी। ऐसी सरकार जो केवल दमन का रास्ता अख्तियार किये हुए है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये भाजपा युवा मोर्चा पूरी तरह तैयार है। जिस सरकार ने अपनी पहली कलम से 10 लाख नौकरी देने की बात कही थी, वही सरकार नौकरी पर आज डोमिसाइल नीति हटाकर बिहार के युवाओं के साथ धोखा देने का काम कर रही है। जो शिक्षक सभी कार्य राज्य का कर रहे है, उनको राज्यकर्मी का दर्जा नहीं दे रही है। जो भी इस सरकार से सवाल कर रहा है, उसको पुलिस से पिटवाने का काम चल रहा है। इस सरकार में जनता के विरोध में जितने कार्य हो सकते है। यह सरकार कर रही है।

## 25 जुलाई से रामेश्वरनाथ मंदिर में आयोजित हो रही है भव्य श्रीराम कथा

**बक्सर।** श्रावण के पुरुषोत्तम मास के पवित्र अवसर पर स्थानीय रामेश्वरनाथ मंदिर में 25 जुलाई से भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम कथा का आयोजन समिति के संयोजक राम स्वरूप अग्रवाल एवं कमलेश्वर तिवारी ने रविवार को बताया कि श्री रामेश्वरनाथ की कृपा से मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की कथा गंगा के पावन तट पर रामरेखाघाट स्थित रामेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में प्रख्यात मानस वक्ता आचार्य भारत भूषण जी महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक नित्य 25 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित है। उन्होंने कहा कि श्रीराम की भूमि सिद्धाश्रम में राम की कथा का पतित पावनी सुरसरि के तट पर विशेष महात्म्य हैं और श्रावण मास में इस कथा श्रवण का विशेष लाभ है।

## मशाल जुलूस निकाल एनएसयूआई ने मणिपुर की घटना का जताया विरोध

**केटी न्यूज/बक्सर**

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना के खिलाफ रविवार को एनएसयूआई ने बक्सर में विशाल मशाल जुलूस निकाल विरोध जताया। मशाल जुलूस छात्र नेता ईशान त्रिवेदी के नेतृत्व में मणिपुर में जातीय समूहों के बीच जारी हिंसा और आदिवासी महिलाओं के साथ जिस तरह से बर्बरतापूर्ण व्यवहार हुआ उसको लेकर मणिपुर में राष्ट्रपति सासन तत्काल रूप से लागू करने के लिए विशाल मशाल जुलूस निकाला गया था। अपने संबोधन में ईशान ने कहा कि मणिपुर की घटना अत्यंत चिंतनीय और निंदनीय है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। भारत के संविधान में देशवासियों को प्राप्त सम्मान के अधिकार को ध्वस्त कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है की मणिपुर में




शांति, एकता और न्याय समाप्त होने के कगार पर है।

जुलूस में उपस्थित डीके कॉलेज के अध्यक्ष मनीष सिंह और पूर्व उपाध्यक्ष लक्की ओझा उपस्थित थे। मशाल जुलूस बक्सर अंबेडकर चौक से शुरू हुआ था जिसमें बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे। सरकार के तानाशाही के खिलाफ और राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करते हुए जुलूस पुलिस चौकी पहुंचा। जहां मौके पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि मणिपुर में गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। यही वजह है कि हम राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करते हैं। मौके पर सौरभ मिश्र, श्रीधर तिवारी, आर्यन राय, गणेश सिंह, अरविंद पांडेय, गुप्तेश्वर चौबे, सनी कुमार, अभिषेक कुमार, हैप्पी कुमार, अभिषेक सिंह, राजेश महाराज, रवि यादव समेत अन्य शामिल रहे।

**भाजपा के डुमरांव व ब्रह्मपुर विस क्षेत्र की संयुक्त बैठक में शक्ति केंद्रों व बूथ कमेटि को मजबूत बनाने पर चर्चा**

## लोस चुनाव की तैयारी में कार्यकताओं से जुटने का आह्वान

● दोनों विधानसभा के कार्यकताओं की संयुक्त बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को नगर के चाणक्य कॉलोनी स्थित न्यू वुड स्टॉक स्कूल परिसर में भाजपा के डुमरांव व ब्रह्मपुर विधानसभा के प्रमुख कार्यकताओं की एक अहम बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को अभी से ही जी जान से लग जाने का आह्वान किया। उन्होंने चुनाव से पहले शक्ति केन्द्रों,



बूथों केन्द्रों तथा पन्ना प्रमुखों के मजबूती पर बल दिया और कहा कि एक-एक बूथ को जीतकर लोकसभा को जीता जा सकता था। जिलाध्यक्ष ने प्रमुख कार्यकताओं से अपने अपने क्षेत्र के प्रत्येक बूथ कमेटियों तथा शक्ति केन्द्रों को मजबूत करने लिए उनकी नियमित बैठक कराने तथा उजार्वान युवाओं को बूथ कमेटि में शामिल करने की बात कही। वही डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने कहा कि उनके मंडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल की उपलब्धियों को घर घर जाकर बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी घर घर देकर भी हम पार्टी को मजबूत कर सकेत है। बैठक में उपस्थित लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह ने कहा कि हम कार्यकताओं की बदौलत न सिर्फ बक्सर लोकसभा सीट जीतेंगे बल्कि बिहार के एक एक लोस क्षेत्र पर एनडीए का कमल खिलाएंगे। वही कार्यकताओं ने अपने अपने क्षेत्र में बूथ कमेटि, शक्ति केन्द्र व पन्ना प्रमुख को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में लोकसभा विस्तारक अर्जुन राम, डुमरांव नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा, सत्येन्द्र कुंवर, नंदजी सिंह, निर्भय राय, चौगाई मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के अलावे दोनों विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी तथा मंच व मोर्चा के पदाधिकारी तथा बक्सर व डुमरांव विधान सभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

सावन महीने की तीसरी सोमवारी के अवसर पर सभी शिवभक्तों, छात्र-छात्राओं शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
SOE COMMERCE CLASSES
HINDI- English Medium
Add- Hari ji ka Hata Dumraon
Mob- +91 9931382760, +91 7004363085
I.COM-(11Th & 12th) B.COM-(1st ,2nd 3rd)
DR. Abhishek Kumar
Director
SOE COMMERCE CLASSES

सावन महीने की तीसरी सोमवारी के अवसर पर सभी शिवभक्तों एवं कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मस्तक जिसके चंद्रमा
जटा से गंगा प्रकटाए।
पुण्य फल मिले उसको
जो शिव पर जल चढ़ाए।।
श्रीधर कुमार मिश्रा
उर्फ पप्पु मिश्रा
LIC OF INDIA
CORPORATE CLUB
MEMEBER COT(USA)

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।
भोले आएं आपके द्वार, भर दें जीवन में खुशियों की बहार
न रहे जीवन में कोई दुख, हर ओर फैल जाए सुख ही सुख।
सावन महीने की तीसरी सोमवारी के अवसर पर सभी शिवभक्तों एवं कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शशिकांत सिंह ऊर्फ ढुनमुन सिंह
मुखिया छतनवार पंचायत
प्रखंड डुमरांव

## बोले एसपी... प्रारंभिक जांच में भूमि विवाद में हत्या होने की जताई जा रही है आशंका

# घर के बरामदे में सो रहे अधेड़ की हत्या जांच को पहुंची फॉरेंसिक टीम, लिये नमूने

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिले के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के रामबन गांव में शनिवार की रात घर के बाहर बरामदे में सो रहे अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर हत्यारे भागने में सफल रहे। यह खबर सुबह मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उधर हत्या के बाद घर में मातम पसर गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी पहुंच गए और घटना के संबंध में छानबीन शुरू कर दी।

बता दें कि गोविंद चौहान (56) पुत्र शिवराज चौहान रात में घर के बरामदे में सोए थे। रात के किसी पहर अज्ञात हमलावरों ने उनकी हत्या कर दी। उनकी हत्या गोली लगने से होने की संभावना जताई जा रही है। वैसे हत्या कब और कैसे हुई, इसकी कोई विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।



♦ घटना के बाद रामबन गांव पहुंचे एसपी ने परिजनों एवं ग्रामीणों से की पूछताछ

घटना की सूचना पाते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। उधर घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी घटना स्थल पहुंचे और मौके का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश देते हुए हत्यारों का तत्काल पता लगाने के लिए आदेशित किया। मीडिया से बातचीत में बताया कि अभी इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। परिवार सदमे में है और अभी तक कोई विशेष जानकारी नहीं मिल पाई है। पता चला है कि परिवार के लोगों का जमीन से संबंधित काफी पुराना विवाद चल रहा है। पुलिस सारे तथ्यों को ध्यान में रखकर घटना की जांच में लगी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कप्तान ने अभी बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। इस कारण एफआईआर फिलहाल दर्ज नहीं किया गया है। हालांकि पुलिस ने अपनी विवेचना शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी की दिमागी हालत ठीक होते ही हत्या से पर्दा उठेगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

## दस-दस हजार के दो इनामी बदमाश तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**गाजीपुर।** ज़िले की जंगीपुर पुलिस ने महकमे के लिए सिरदर्द बने दो इनामी बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था। दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे। बता दें कि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने इनामी अपराधियों के विरुद्ध अभियान चला कर उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश जनपद के सभी थानाध्यक्षों को दिया था। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर की देखरेख में थानाध्यक्ष जंगीपुर ने मुखबिर की सूचना पर धुरेहरा मोड़ के पास से आधी रात के बाद भांवरकोल थाना क्षेत्र से फरार 10-10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दो देशी तमंचा तथा दो कारतूस बरामद किया गया है। अभियुक्तगण भांवरकोल जनपद थाना में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गांव गांव पहुंचकर पार्टी की नीतियों को समझाएं कार्यकर्ता: प्रेमचंद बिंद

केटी न्यूज/चंदौली



प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन अरविंद वाटिका में आयोजित किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की गई और इसकी सफलता पर गांव गांव पहुंचकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचन्द्र बिंद ने किया।

इस दौरान प्रेमचंद ने कहा कि जब तक हम लोग संगठित नहीं होंगे तब तक हमारे हक और अधिकार नहीं प्राप्त हो सकते हैं। हम सभी को अपने हक और अधिकार प्राप्त करने के लिए हम सभी को संगठित होना जरूरी है। इसलिए हम सभी को सत्ता में भागीदारी के लिए गांव-गांव संगठन को खड़ा करना होगा और पार्टी की नीति सिद्धांतों पर चलकर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। साथ ही संघर्ष करने के लिए हम सभी को तैयार रहने की जरूरत है।तभी हमारा हक और अधिकार मिल सकता है नहीं तो हम सामाजिक और आर्थिक रुप से हमेशा कमजोर होते जाएंगे। वही लोक गीत गायक समर जीत बिन्द जी ने मिशन गीत कार्यकर्ताओ में जोश भरा। इस दौरान भोला बिंद, रमेश पासवान, मोतीलाल, प्रेम बहादुर, महेंद्र बिंद,दशरथ बिंद लीलावती देवी, सावित्री, प्रभा, गणेश प्रधान, चंद्रबली बिंद, चंद्रिका बिंद, प्रेम पासवान, रामलाल प्रधान, विजय बिंद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता मोहन मानव व संचालन मुन्ना बागी ने किया।




## अजय प्रताप सिंह का एनआईए में डीएसपी पद पर हुआ चयन

**चंदौली।** सकलडीहा तहसील क्षेत्र के तोरवा गांव निवासी अजय प्रताप सिंह का एनआईए में डीएसपी पद पर चयन हुआ है।अजय के डीएसपी बनने से क्षे त्र सहित गांव में हर्ष का माहौल है। बेटे के इस उपलब्धि माता-पिता सहित परिजन खासे उत्साहित है।

तोरवा गांव के रामानंद सिंह के पुत्र अजय सिंह बचपन से ही होनहार थे।प्रारम्भिक शिक्षा इनकी गांव में ही हुई थी।तो आगे की पढ़ाई इन्होंने बाहर जाकर किया।इनमें बीटेक एच मैकेनिकल ब्रांच की भी शिक्षा शामिल रही। इन्होंने 2015 बैच के ऑल इंडिया एसएससी में 538 रैंक हासिल की थी।तब अजय का चयन इनकम



टैक्स ऑफिसर पद पर हुआ। लेकिन इतने पर अजय नहीं रुके और अपनी पढ़ाई और तैयारी जारी रखी।और 2023 मई में इनका चयन एनआईए के डीएसपी पद पर हुआ। जिसकी सारी प्रक्रिया यूपीएससी की देखरेख में हुई।काफी प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े अजय के पिता दो बार के तोरवा ग्राम के प्रधान भी रह चुके है।

## 28वीं अंतर्जनपदीय त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता में 275 पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

केटी न्यूज/गाजीपुर

पुलिस विभाग के वाराणसी जोन की 28वीं अंतर्जनपदीय त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जोन के 275 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग इत्यादि खेलों का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के विभिन्न जनपदों सोनभद्र, मिजार्पुर, जौनपुर, भदोही, वाराणसी, गाजीपुर, बलियां, मऊ, मिजार्पुर, चंदौली की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस प्रतियोगिता में पुरुष फ्री स्टाइल कुश्ती विजेता जनपद जौनपुर, ग्रीको रोमन कुश्ती की विजेता जनपद आजमगढ़, महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती की विजेता जनपद गाजीपुर, वेटलिफ्टिंग पुरुष की विजेता जनपद गाजीपुर, कबड्डी पुरुष टीम की विजेता जनपद गाजीपुर एवं कबड्डी महिला टीम की



विजेता जनपद गाजीपुर रहा। प्रतियोगिता के दौरान हुए पुरुषों एवं महिलाओं की कबड्डी फाइनल प्रतियोगिता में जनपद गाजीपुर की दोनों टीमों ने जनपद वाराणसी पर विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता के अंत में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा सभी विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भविष्य में पौधे ही करेंगे धरती का श्रृंगार: अनिल

**चंदौली।** जिले में शनिवार को वृहद पौधरोपण अभियान के तहत 52.60 लाख पौधों का रोपण किया गया। अभियान की शुरूआत काशी वन्य जीव प्रभाग के नौगढ़ रेंज के अर्रा पहाड़ी पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने हरिशंकरी पौधों का रोपण किया। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधों के रोपण का आह्वान किया। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण के प्रति सजग है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में 35 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधे धरती का श्रृंगार करेंगे सरकार प्रत्येक पौधों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम पांच पौधे लगाए इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

## पारिवारिक विवादों को सुलझाने के उद्देश्य से परिवार परामर्श केंद्र ने प्रस्तुत किए 15 मामले

केटी न्यूज/गाजीपुर


पति- पत्नी के पारिवारिक विवादों को सुलझाने के उद्देश्य से रविवार को परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में कुल 15 पारिवारिक विवाद प्रस्तुत किए गए। जिसमें संगीता देवी पत्नी अजय कुमार बनवासी निवासी कन्हौली थाना केराकत जौनपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके चरित्र पर हमेशा शंका करते रहते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। जबकि पति उससे दूरी बनाए रहता है।

इसी क्रम में तेतरी देवी पत्नी सोमारू बिंद निवासी फुल्लनपुर थाना कोतवाली गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके पारिवारिक खर्च को वहन नहीं करते हैं। इससे वह शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान रहती हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। एक



और मामला पूजा बासफोर पत्नी प्रिंस बसफोर निवासी बहरीपुर थाना सराय लखंसी जिला मऊ की शिकायत थी कि उसके पति और ससुराली पक्ष के लोग उसके साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। इसी क्रम में पत्नी के रहते दूसरी शादी का मामला सामने आया। नजरून निशा पत्नी अजहर हुसैन निवासी अमदरिया थाना फेफना जिला बलिया की शिकायत थी कि उसके पति उसके न जानकारी में दूसरी शादी कर लिए हैं। फिर भी वह उनके साथ रहना चाहती है। इस पर पति व सास को समझाकर विदाई करवाई गई।

आरजू पत्नी नासिर खान निवासी-रुइमंडी थाना कासिमाबाद की शिकायत थी कि उसके पति बिना कारण ही उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। पांच पारिवारिक विवादों में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर इन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसमें सोनिया सिंह, शिवशंकर तिवारी, सरदार दर्शन सिंह, सरिता गुप्ता, वीरेन्द्र नाथ राम, आरक्षी आलेश कुमार, महिला आरक्षी सुनीता गिरी व अन्य मौजूद रहे।




## छात्र-छात्राओं को नहीं करनी होगी भागदौड़, 25 से पीजी कॉलेज देगा ऑनलाइन सुविधा

# टीसी एवं सीसी के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध

केटी न्यूज/गाजीपुर

अब छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) एवं चरित्र प्रमाण-पत्र (सीसी) लेने के लिए महाविद्यालय के कार्यालय, पुस्तकालय एवं विभिन्न विभागों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा नए शिक्षा सत्र में 25 जुलाई 2023 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) एवं चरित्र प्रमाण-पत्र घर बैठे आनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि छात्र- छात्राओं एवं अभिभावकों को



आज के इस आधुनिक, स्मार्ट एवं डिजीटल युग में महाविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के कठिनाइयों को देखते हुए बिना भागदौड़ के घर बैठे सीसी एवं टीसी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जिससे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों विशेषकर छात्राओं को इस भागदौड़ के युग में काफी सहूलियत मिलेगी।

प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बहुत से छात्र छात्राओं को अन्य कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए टीसी एवं सीसी प्राप्त करने के लिए काफी परेशान होना पड़ता है। अब उन्हें अनावश्यक भागदौड़ की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। छात्र-छात्राएं 25 जुलाई से टीसी एवं सीसी के लिए घर बैठे पीजी कॉलेज की वेबसाइट www.pgcghazipur.ac.in पर लॉग इन कर आवेदन करना होगा। आनलाइन टीसी एवं सीसी के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया 23 जुलाई 2023 से प्रारंभ किया है। आवेदन के लिए वांछित प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उत्तीर्ण परीक्षा के अंकपत्र की छाया प्रति अपलोड कर सबमिट करना होगा। आवेदन के तीन दिन बाद छात्र-छात्राएं घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल से टीसी एवं सीसी प्राप्त कर सकेंगे। स्थानांतरण प्रमाण-पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र की सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए टीसी एवं सीसी पर आईटी एक्ट के अनुसार क्यूवआर कोड की व्यवस्था की गई है। जिससे प्रमाण-पत्र को आनलाइन सत्यापित किया जा सकेगा।

## चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल पर गंदगी देख भड़की आजाद अधिकार सेना

# देश में सिर्फ कागजों में विकास करती है केंद्र व प्रदेश की सरकार: बंटी राय

केटी न्यूज/बलिया




शहर के शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल पर गंदगी देख भड़के आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रविवार को आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष बंटी राय की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार को जमकर आड़ेहाथ लिया। कहा कि आम दिनों की बात छोड़िए, आज आजादी के महा नायक शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन है और आज ही के दिन प्रतिमा स्थल पर गंदगी मोदी सरकार के स्वच्छ भारत के दावे को बयां करने के लिए काफी है। कहा कि नगर पालिका के अध्यक्ष मिठाईलाल भारती को इस्तीफा दे देना चाहिए। जिन्हें वीर सपूतों का सम्मान करना नहीं आता, उन्हें पद में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आजाद अधिकार सेना रविवार को पार्टी की प्रथम स्थापना दिवस पर सभी वीर सपूतों के प्रतिमास्थलों पर माल्यार्पण करने के उपरांत शहीद पार्क में सभा मनाने वाले थे, लेकिन रविवार को जब पदाधिकारी व कार्यकर्ता शहीद मंगल पांडेय की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के उपरांत शहीद पार्क पहुंचे तो शहीद पार्क में ताला लगा हुआ था, ये देख सभी लोग खासे नाराज हो गए। इसके बाद जब शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमास्थल पर पहुंचे तो गंदगी देख भड़क गए और सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बंटी राय ने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बड़े-बड़े वायदे कर रहे हैं, दावे कर रहे हैं। वहीं आलम यह है कि जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर भारत को आजाद कराया, उनके जन्मदिन पर उनकी प्रतिमा स्थल पर गंदगी देख वास्तव में मन द्रवित हो जाता है। कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ कागजों में विकास करते हैं, धरातल पर नहीं। धरना के बाद पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने खुद ही प्रतिमास्थल पर साफ-सफाई की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रीतेश पाडेय, जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर, नगर अध्यक्ष केदारनाथ उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता व मधुसुदन श्रीवास्तव, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र ठाकुर, मंडल महासचिव मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### परमिशन लेने गए तो सिटी मजिस्ट्रेट ने फाड़ दिया आवेदन, लोगों में आक्रोश

आजाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने बताया कि हम लोग पार्टी की प्रथम स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम करने वाले थे, जिसके लिए जब हम लोगों ने एसडीएम के पास गया तो एसडीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट के पास भेज दिया। सिटी मजिस्ट्रेट के पास जब हम लोग परमिशन के लिए गए तो वे आवेदन फाड़ दिए। उनका कहना था कि जनपद में धारा-144 लागू है। ऐसे में मैं पूछता चाहता हूं कि क्या धारा-144 सिर्फ विपक्षियों के लिए हैं। भाजपा क्या लोकतंत्र से उपर है, अगर नहीं तो जनपद में धारा-144 लागू होने के बावजूद बसंतपुर में 600 की संख्या में भीड़ जुटाकर कैसे कार्यक्रम कर सकते हैं।

# रहें सचेत... हृदय रोग को आमंत्रित करता है मौसमी बदलाव: डॉ संजय

केटी न्यूज/मऊ




उतार-चढ़ाव भरे मौसम का सीधा असर हृदय पर होता है। तापमान में बदलाव होने के साथ ही पाचन तंत्र भी प्रभावित होता है। ऐसे में हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस मौसम में खानपान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। नियोजित दिनचर्या के साथ योग-व्यायाम नियमित रुप से करना चाहिए। तैलीय आहार, फास्ट फूड व जंक फूड का सेवन बरसात के दिनों में नहीं करना चाहिए। इससे हृदय रोग के विस्तार होने की संभावना बनी रहती है। डॉ संजय सिंह ने यह विचार शनिवार को बढ़ुआ गोदाम में व्यक्त किया।

शारदा नारायण हास्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य संवाद के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर में वह बोल रहे थे। इस दौरान 147 मरीजों के शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स की जांच करने के साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. रेहान, डॉ. शुभम राय, डॉ. एसपी सिंह ने मेगा शिविर में मरीजों का उपचार किया।




# पुलिस ने चोरी गए 81 मोबाइल लौटाएं

केटी न्यूज/मऊ



साइबर सेल मऊ द्वारा 81 गुमशुदा मोबाइल जो लगभग 11 लाख रुपए कीमत का बरामद कर पुलिस ने संबंधित मोबाइल मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया। जिसमें 11 मोबाइल मुहम्मदाबाद गोहना की है। जिसमे कोतवाली में 9 मोबाइल संबंधित स्वामी को सुपुर्द किया गया। साथ ही, दो मोबाइल स्वामी को वितरण कार्यक्रम में नहीं आने से नहीं दिया गया। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय द्वारा गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु साइबर सेल मऊ को निर्देशित किया था।

साइबर सेल ने जिले की संबंधित गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु नियमानुसार लगातार प्रयास कर कुल 81 मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 11 लाख रुपए की है। जिसे साइबर सेल की टीम ने बरामद कर लिया। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली अंतर्गत कुल 11 गुमशुदा मोबाइल बरामद हुए। जिसमें 9 मोबाइल संबंधित मोबाइल स्वामियों को पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह, कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी ने मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द कर दिया गया। दो मोबाइल स्वामी नहीं पहुंचे। इस अवसर पर बरामद करने वाली टीम मुख्य आरक्षी शैलेंद्र कुमार कनौजिया साइबर सेल, मणि त्रिपाठी, अनूप यादव, प्रभात कुशवाहा, वंदना पांडेय का विशेष सहयोग रहा।

# शौच करने जा रहे युवक की दबंगों ने की पिटाई

**बलिया।** शौच करने जा रहे युवक को दबंगों ने डंडे से पीटा जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया ।डंडे की चोट उसके गर्दन पर लगी है। मामला मनियर थाना क्षेत्र के चंदायार गांव का है। इसकी सूचना मनियर पुलिस को दे दी गई है। मनियर थाना क्षेत्र क्षेत्र के चंदायर निवासी विजय शंकर राजभर 32वर्ष पुत्र योगेंद्र राजभर रविवार की सुबह करीब 6:00 बजे शौच करने के लिए जा रहा था कि 2 लोगों ने बीच रास्ते में उसकी पिटाई कर दी। लाठी से विजय शंकर राजभर के गर्दन पर चोट लगी है ।संजोग अच्छा रहा कि युवक की किसी तरह से जान बची। मारपीट का वजह पीड़ित पक्ष नहीं बता रहा है ।सिर्फ इतना बता रहा है कि आरोपी ने लाइन जोड़ने के लिए कहा था लेकिन युवक ने लाइन नहीं जोड़ा था। बताया जा रहा है कि घायल युवक प्राइवेट लाइनमैन का काम करता है उसने लाइन नहीं जोड़ा होगा जिसके वजह से मारपीट की गई है। इस संदर्भ में मनियर थाना प्रभारी मंतोष सिंह ने बताया कि युवक के तहरीर पर एफ आई आर दर्ज कर लिया गया है ।युवक को मेडिकल कराने के लिए भेजा गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

